उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23, एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांक : 3462 /27(2026)/अधियाचन(विज्ञापन)/2026–27 दिनांक : 06.11.2026

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या–05/2026 के द्वारा विज्ञापित सहायक अध्यापक, शहरी(URBAN), बेसिक शिक्षा विभाग तथा सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी(अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय) माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि याचिका रिट 'ए' संख्या–11920/2026 अभिषेक पाठक व 44 अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया मिनिस्ट्री ऑफ एजूकेशन व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित अपने आदेश दिनांक 5 नवम्बर, 2026 में ऐसे सभी अध्यापक जो सेवा में हैं और NIOS द्वारा प्रदत्त D.El.Ed-ODL उत्तीर्ण हैं को भी अंतरिम रूप से आवेदन करने का अवसर दिया गया है।

अतएव ऐसे अध्यापक जो दिनांक 10.08.2017 को सेवा में थे व दिनांक 01.04.2019 के पूर्व से NIOS के माध्यम से 18 माह की D.El.Ed-ODL अर्हता धारित करते हों, अपना आवेदन निम्नवत् तिथि तक सबमिट (SUBMIT) कर सकते हैं :–

ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल पुनः खोले जाने की तिथि	06 नवम्बर, 2026
ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने एवं आवेदन करने की अन्तिम तिथि	11 नवम्बर, 2026
ऑनलाइन आवेदन में संशोधन की अन्तिम तिथि	13 नवम्बर, 2026
परीक्षा तिथि	03 व 04 दिसम्बर, 2026

नोट :– उक्तानुसार आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन मा0 उच्च न्यायालय द्वारा प्रश्नगत रिट याचिका में पारित अंतिम आदेशों के अधीन रहेगा।

06.11.26

उपसचिव